हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 27 जून 2017, समय 1810)

- हरियाणा सरकार ने आज हरियाणा विजन-2030 दस्तावेज जारी किया ।
- हरियाणा सरकार ने हिंसा से प्रभावित महिलाओं को समेकित सहायता मुहैया करवाने के लिये प्रदेश के 15 जिलों में वन स्टॉप सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है।
- पंचकूला के अमन सूद नामक व्यक्ति ने करीब 35 घंटे योग प्रशिक्षण देने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है।
- अगले तीन दिनों में दक्षिण पश्चिम मानसून के चंडीगढ़ सहित पंजाब और हरियाणा में पहुंचने की संभावना है।

हरियाणा सरकार ने आज हरियाणा विजन-2030 दस्तावेज जारी किया । वर्ष 2030 तक राज्य सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर को 9 दशमलव 8 प्रतिशत और प्रति व्यक्ति आय को 8 लाख 24 हजार 351 रुपये करने का लक्ष्य है। उसके अलावा प्रत्येक जिले में औद्योगिक कलस्टर का विकास, 18 लाख रोजगार सृजन और 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आज चंडीगढ़ में इस विज़न के दस्तावेज का लोकापर्ण किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री रामबिलास शर्मा, वित्त एवं योजना मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, तथा संयुक्त राष्ट्र के रेजीडेंट कोर्डिनेटर डिएगो पलासिस भी मौजूद थे। हरियाणा विजन-2030 दस्तावेज में आर्थिक, पर्यावरण और सामाजिक बिंदूओं को ध्यान में रखते हुए 17 लक्ष्य निर्धारित किये गये है जिन्हें तीन चरणों में प्राप्त किया जायेगा। पर्यावरण बिंदू के तहत वर्ष 2030 तक कूड़ा-कचरा संग्रहण, शौचालय और सीवरेज की शत-प्रतिशत व्यवथा, ठोस कचरा प्रबंधन प्लांट, नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन में वृद्वि और गिरते भू-जल स्तर पर रोकथाम शामिल है।, सामाजिक बिंदू के तहत बच्चों में कुपोषण को समाप्त करना, मातृत्व एवं शिशु मृत्यु दर कम करना, स्कूलों में बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन और महिलाओं के विरूद्ध अपराधों में कमी लाना है।

हरियाणा सरकार ने हिंसा से प्रभावित महिलाओं को समेकित सहायता मुहैया करवाने के लिये स्वर्ण जयंती कार्यक्रम के तहत प्रदेश के 15 जिलों में वन स्टॉप सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती कविता जैन ने आज चंडीगढ़ में बताया कि मुख्यमंत्री ने इस आशय के एक प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इन केन्द्रों के निर्माण पर 20 करोड़ 61 लाख रुपये से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। ये केन्द्र अम्बाला, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, कैथल, यमुनानगर, सिरसा, फतेहाबाद, जींद, सोनीपत, पानीपत, रोहतक, झज्जर, चरखी दादरी, पलवल और नूह में खोले जाएंगे।

हरियाणा के राज्यपाल प्रो कप्तान सिंह सोलंकी कहा है कि बच्चे समाज की नींव हैं और उन्हें संस्कार देने वाला साहित्य नई पीढ़ी की मजबूत नींव रखता है। आज राजभवन चंडीगढ़ में बाल साहित्यकार श्रीमती प्रज्ञा शारदा के बाल काव्य-संग्रह 'रंग बिरंगी तितलियां' के विमोचन के बाद राज्यपाल ने ये विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ कविता भी वही होती है जो अपने सुख के लिए नहीं बल्कि परिस्थितियों और नई पीढ़ी को संवारने के लिए लिखी जाए। विमोचन समारोह का आयोजन गांधी स्मारक निधि की ओर से किया गया था।

पंचकूला के अमन सूद नामक एक व्यक्ति ने करीब 35 घंटे योग प्रशिक्षण देने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। पेशे से डॉक्टर अमन सूद ने 21 लोगो को योग प्रशिक्षण देकर गिनीज ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकारियों के सामने तथा वीडियो कैमरों की निगरानी में योग प्रशिक्षण दिया । इसका रिकॉर्ड गिनीज ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए भेजा जाएगा । इस अवसर पर पंजाब के वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद व कमल शर्मा और पंचकूला के मेयर भी उपस्तिथ थे। इससे पहले दक्षिणभारत के विशवा नामक व्यक्ति ने 30 घण्टे 34 मिनट का रिकॉर्ड बनाया था।

हरियाणा के समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि राज्य को नशे से सुरक्षित रखने के लिए विशेष टीमें गठित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। श्री बेदी ने कल अम्बाला में समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा रैडक्रास सोसायटी अम्बाला द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर

आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत नशे की आपूर्ति करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि नशे के जोखिम के बारे में लोगों को जागरूक करने में सामाजिक संगठनों का भी सहयोग लिया जायेगा।

अगले तीन दिनों में दक्षिण पश्चिम मानसून के चंडीगढ़ सहित पंजाब और हरियाणा में पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग के निदेशक सुरेन्द्र पाल के अनुसार परिस्थितियां मानूसन के देश के उत्तरी भागों में पहुंचने के अनुकूल बनी हुई है उन्होंने कहा कि क्षेत्र में दाखिल होने के बाद आगामी कुछ दिनों में मानसून पंजाब और हरियाणा और चंडीगढ़ को पूरी तरह □क लेगा। । पिछले साल हालांकि मानसून कमजोर रहा था लेकिन इस साल पिछले साल की तुलना में पूरे इलाके में अच्छी बारिश होने संभावना है।

आज सुबह युमनानगर जिले के ज्यादातर इलाकों में करीब दो घंटे जमकर बारिश हुई। प्री मानसून की बरसात से पारा कल के मुकाबले दस डिग्री सेल्सियस कम हो गया। जानकारी के अनुसार जिले के बिलासपुर इलाके मे सर्वाधिक 36 मिलीमीटर बरसात दर्ज हुई। यमुनानगर क्षेत्र में 27 मिलीमीटर तो स□ौरा में 25 मिलीमीटर दर्ज की गई। कृषि विशेषज्ञ डॉ राकेश कुमार ने बताया कि बारिश फसल के लिये अच्छी है।

आज करनाल में जन सुविधाओं को ऑनलाइन करने के साथ उसकी जानकारी टच स्क्रीन के माध्यम से देने की शुरूआत की गई । इसके साथ ही करनाल ऐसा पहला जिला बन गया है।जहां अब जमीन , रजिस्ट्री , पर्यटन स्थल , मतदाता सूची और गेस्ट हाउस से लेकर जिले के अधिकारीयों की जानकारी हर नागरिक इस मशीन के माध्यम से ले सकेगा। इसकी शुरुआत करते हुए उपायुक्त मनदीप सिंह बरार ने बताया की जिले भर के विभागीय और जनसुविधाओं का डाटा ऑनलाइन कर दिया गया है और इसकी जानकारी देने के लिए विभिन्न स्थानों पर टच लगाई गई हैं।

आज फतेहाबाद मे सी एम फलाईंग टीम से सिरसा रोड पर स्थित सूखा दूध और ग्लूकोज सप्लाई करने वाली फैक्ट्री पर छापेमारी की । टीम के पुलिस अधिकारी

रणधीर सिंह ने बताया कि छापे के दौरान कट्टो पर कंपनी का नाम , और दूध की उत्पादन एवं एक्सपायरी तिथि अंकित नहीं थी।

सीएम फलाईंग टीम ने जगाधरी और यमुनानगर में प्लाईवुड की दो फैक्ट्रियों में छापा मार कर अवैध रूप से रखी गयी 30 बोरियां यूरिया खाद जब्त की।